**बिहार सरकार**
**स्वास्थ्य विभाग**

## अधिसूचना

**सं0सं0–9/आ0–03–36/2026(स्वा0) ...................... / पटना, दिनांकः–............................................**

डा0 अजय कुमार, क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना के पत्रांक–1120/अप०शा० दिनाक–16.06.2026 द्वारा प्रतिवेदित है कि निगरानी धावादल द्वारा श्रीमती नेहा कुमारी, प्रभारी प्राचार्य, ए0एन0एम0 स्कुल, महनार, वैशाली के पति श्री विवेक सिह से जी0एम0 रोड, पटना मे 40,000/– रूपये की राशि लेते हुए दिनांक–03.06.2026 को रगे हाथ गिरफ्तार किया गया। डा0 कुमार के विरूद्ध निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना द्वारा निगरानी थाना काण्ड सं0–68/2026 दिनांक–02.06.2026 धारा–7(a), भ्र0नि0अधि0, 1988 (सशोधित अधिनियम, 2018) के अधीन प्राथमिकी दर्ज किया गया है। माननीय विशेष न्यायाधीश, निगरानी, पटना के आदेशानुसार डा0 कुमार आदर्श केन्द्रीय कारा, बेउर, पटना में काराधीन है।

2. डा0 कुमार को पदीय दायित्व के निर्वहन के लिये रिश्वत लेते हुए पकडे जाने के कारण हिरासत मे है। अत: उन्हें बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एव अपील) नियमावली–2005 के नियम 9(2)(क) के तहत उनकी गिरफ्तारी के उपरात कारानिरोध की तिथि दिनांक–03.06.2026 के प्रभाव से निलबित किया जाता है।

3. डा0 कुमार को कारा से मुक्ति के उपरांत स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना मे योगदान करने का निदेश दिया जाता है।

4. निलबन अवधि में डा0 कुमार को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 के नियम–**10** के तहत जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

5. विभागीय कार्यवाही का सकल्प अलग से निर्गत किया जाएगा।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**
ह०/–
**(उपेन्द्र राम)**
**सरकार के अवर सचिव।**

Email

**ज्ञापांकः–9/आ0–03–36/2026(स्वा0)** 722(9) / **पटना, दिनांकः–** 09-07-26

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार, (ले0 एवं ह0) बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/जिला पदाधिकारी, पटना/मुजफ्फरपुर/कोषागार पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर/पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–क्षेत्रीय अपर–निदेशक, स्वास्थ्य सेवाये, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर/सिविल सर्जन, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–माननीय मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव, स्वा0 विभाग के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं, बिहार, पटना के निजी सहायक को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–डा0 अजय कुमार, क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर सम्प्रति काराधीन को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–पुलिस अधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–अधीक्षक, आदर्श केन्द्रीय कारा, बेउर, पटना को डॉ० कुमार को तामिला कराकर तामिला प्रतिवेदन विभाग मे उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–प्रशाखा पदाधिकारी 2, 3, 17 एवं 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–आई0टी0 मैनेजर, स्वा0 विभाग को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

09/07/2026
**सरकार के अवर सचिव।**